# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 18/08/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 17.08.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर में मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 09 परिवारों की कराई गई विदाई।</u>**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 17.08.2025 को पुलिस लाइन प्रांगण में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 47 प्रकरण को सुना गया जिसमें काफी समय से विवादित चल रहे 09 प्रकरण में दोनों पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। 19 प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई तथा 09 प्रकरण में परिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। शेष परिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथ राम, कमरूद्दीन, पूजा श्रीवास्तव ,महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह, महिला आरक्षी रागिनी चौबे, महिला आरक्षी अभिलाषा, महिला आरक्षी सोनाली, महिला आरक्षी सबिता, महिला आरक्षी संध्या,आरक्षी शिव शंकर यादव महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

**<u>2. थाना गहमर पुलिस द्वारा 30 पेटी (1350) पाउच ब्ल्यू लाईम अवैध देशी शराब (अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रू0), व एक अदद XUV वाहन के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।</u>**

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 गामा लाल चौकी प्रभारी देवल थाना गहमर मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त परवेज हासमी पुत्र बब्बन हासमी निवासी ग्राम उनवास थाना इटाढ़ी जिला बक्सर बिहार उम्र करीब 22 वर्ष को देवल पावर हाउस तिराहे के पास से गिरफ्तार किया

गया । जिसके कब्जे से 30 पेटी (1350) पाउच ब्ल्यू लाईम देशी शराब(मसाला), एक अदद XUV वा0सं0 HR51BD2060 बरामद हुआ। इस सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 174/25 धारा 60/72 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर, गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –**

1. परवेज हासमी पुत्र बब्बन हासमी निवासी ग्राम उनवास थाना इटाढ़ी जिला बक्सर बिहार उम्र करीब 22 वर्ष

**अपराध विवरण -**

1. मु0अ0सं0 174/25 धारा 60/72 आबकारी अधि0 थाना गहमर जिला गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**